>

Title: Need to provide stoppage of Sainagar-Shirdi-Howrah Express (Train nos. 12573/12574) and Lokmanya Tilak (T) – Kamakhya Karmabhoomi Express (Train Nos. 15611/15612) at Chakradharpur Railway Station in Jharkhand.

श्री मधु कोड़ा (सिंहभूम): ट्रेन संख्या 12573/12574 साईनगर–शिरडी–हावड़ा एक्सप्रेस तथा 15611/15612 लोकमान्य तिलक (टी)– गुवाहाटी कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस अप–डाउन लाईनों में चक्रधरपुर स्टेशन होकर गुजरती है। चक्रधरपुर रेल मंडल का मुख्यालय है, साथ ही कोल्हान प्रमण्डल के मुख्यालय चाईबासा का निकटवर्ती रेलवे स्टेशन है।

उक्त ट्रेनों का ठहराव चक्रधरपुर स्टेशन पर नहीं दिया गया है।

ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस हादसे के बाद एक वर्ष की अधिक की अवधि से उक्त मार्ग पर रात्रिकालीन ट्रेनों का आवागमन बंद है, जिससे चक्रधरपुर क्षेत्र के यात्रियों को काफी कठिनाई हो रही है।

उक्त ट्रेनों का ठहराव चक्रधरपुर स्टेशन पर किए जाने से रेलयात्रियों को काफी सुविधा होगी। साथ ही रेलवे को भी लाभ होगा। यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 12573/12574 तथा ट्रेन संख्या 15611/15612 का ठहराव चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दिया जाये।

_